ओ मेरे श्याम साँवरे

तेरी कृपा ही मेरा,
सब कुछ ओ मेरे श्याम सांवरे,
मुझे नहीं चाहिए,
ओ मेरे श्याम सांवरे.....

गैरों की बात करें क्या,
हमें अपनों ने ठुकराया,
बन गया नाथ तू मेरा,
तूने पल पल साथ निभाया,
तेरा साथ ही, तेरा साथ ही,
मेरा सब कुछ,
ओ मेरे श्याम सांवरे,
तेरी कृपा ही मेरा,
सब कुछ ओ मेरे श्याम सांवरे,
मुझे नहीं चाहिए,
ओ मेरे श्याम सांवरे.....

मैया बन कर के तूने,
मुझे गोद में ले दुलराया,
बन गया पिता तू मेरा,
तूने चलना मुझे सिखाया,
तेरा प्यार ही, तेरा प्यार ही,
मेरा सब कुछ,
ओ मेरे श्याम सांवरे,
तेरी कृपा ही मेरा,
सब कुछ ओ मेरे श्याम सांवरे,
मुझे नहीं चाहिए,
ओ मेरे श्याम सांवरे.....

मैं किसी से क्या माँगूँ,
बिन मांगे ही सब पाऊं,
जब द्वार मिला बाबा तेरा,
मैं किसी के दर क्यों जाऊं,
तेरा द्वार ही, तेरा द्वार ही,
मेरा सब कुछ,
ओ मेरे श्याम सांवरे,
तेरी कृपा ही मेरा,
सब कुछ ओ मेरे श्याम सांवरे,
मुझे नहीं चाहिए,
ओ मेरे श्याम सांवरे.....

इतनी कृपा की तूने,

यह मुख से कहा ना जाए,
जब जब मैं याद करूँ तो,
मेरा हृदय भर भर आये,
ये दासी, ये दासी,
कहे अब क्या कुछ,
ओ मेरे श्याम सांवरे,
तेरी कृपा ही मेरा,
सब कुछ ओ मेरे श्याम सांवरे,
मुझे नहीं चाहिए,
ओ मेरे श्याम सांवरे.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29774/title/oh-mere-shyam-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |